सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

## सिटिंग नोटिस

**फा. सं.: NCST/DEV-2749/MH/4/2024-ESDW (RU-I)** **दिनांक: 23.05.2025**

**श्री अशोक शिंगारे,**
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ठाणे,
प्रथम तल, कलेक्टर कार्यालय, कोर्ट नाका,
ठाणे पश्चिम-400601,
महाराष्ट्र
ई-मेल: collector.thane@maharashtra.gov.in

**विषय: सर्वे नं. 502/ए, ग्राम-पाँचपकाड़ी, जिला-ठाणे, महाराष्ट्र के अंतर्गत 22 भूमिहीन आदिवासियों को आवंटित की गई भूमि प्रशासन द्वारा वापस लिए जाने के संबंध में श्री महादेव लक्ष्मण भूयाल, अध्यक्ष, स्थानिक आदिवासी रहिवासी सेवा मण्डल, लक्ष्मी-चिराग नगर, पोखरण रोड नं.-1, जिला-ठाणे, महाराष्ट्र का दिनांक 07.02.2024 का अभ्यावेदन।**

**संदर्भ 1: आयोग के संसंख्यक पत्र दिनांक 30.04.2025 एवं 11.09.2024 (प्रति संलग्न).**

**महोदय/महोदया,**

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.एस.टी.) ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लिखित प्रकरण का अन्वेषण करने का निश्चय किया है। श्री अंतर सिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण मे अन्वेषण/जांच/ की जाने वाली कार्रवाई के लिए नई दिल्ली स्थित आयोग के न्यायालय कक्ष, छठी मंजिल, लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली में **दिनांक 18.06.2025 को दोपहर पूर्व** सिटिंग निर्धारित की है।

2. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त मामले से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ **व्यक्तिगत रूप से** और माननीय अध्यक्ष के समक्ष परीक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**3. कृपया ध्यान रखें कि यदि आप बैठक में उपस्थित नहीं होते/होती है तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के खंड (8) क के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र है।**

**(R.K. Dubey/आर. के. दुबे)**
**Deputy Director/उप-निदेशक**
**E-Mail: rk.dubey@ncst.nic.in**
**Tel: No. 011-20819839**

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

**श्री महादेव लक्ष्मण भूयाल,**
अध्यक्ष,
स्थानिक आदिवासी रहिवासी सेवा मण्डल,
लक्ष्मी-चिराग नगर, पोखरण रोड नं.-1,
जिला-ठाणे, महाराष्ट्र
**कृपया उपरोक्त स्थान, समय एवं तिथि पर सुनवाई हेतु आयोग में आपकी/अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।**